Source: Punjab Kesari, Delhi; 2nd June 2020; Page: 5

दिल्ली में शराब की ब्रिकी 58% घटी सरकार को 161 करोड़ सेस मिला

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :दिल्ली में शराब के सभी ब्रांड पर 70 प्रतिशत कोरोना सेस लगाने से शराब की ब्रिकी 58 प्रतिशत घट गई है। यह दावा कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक वेबरेजेज एसोसिएशन की तरफ से किया गया है। वहीं, दिल्ली सरकार ने 24 दिन में शराब पर कोरोना सेस से करीब 161 करोड़ रुपए की कमाई की है। एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बताया कि दिल्ली में शराब पर अधिक कोरोना सेस लगाने से ब्रिकी 58 प्रतिशत घट गई है। उन्होंने बताया कि इंडियन मेड फॉरेन लीकर (आईएमएफएल) जिसमें व्हिस्की, ब्रांडी, जिन, वोडका, रम की पिछले साल मई माह में 9 लाख पेटी की ब्रिकी हुई थी, जबकि मई 2020 में यह ब्रिकी 3.8 लाख पेटी की ही ब्रिकी हुई है। वहीं, बीयर की पिछले साल मई माह में 18 लाख पेटी बिकी थी, जबकि इस साल मई माह में सिर्फ 1 लाख 20 हजार पेटी की ब्रिकी ही हुई है। उन्होंने कहा कि यह गिरावट शराब पर अत्यधिक कोरोना सेस लगाने से बढ़ी कीमत के कारण है। वहीं, उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्यों ने भी शराब पर सेस लगाया है, लेकिन वह 10 से 15 प्रतिशत के बीच ही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूसरा कारण दिल्ली में अत्यधिक दाम होने से आसपास के राज्यों से अवैध शराब लाकर ब्रिकी होना भी है।

4 से 30 मई तक 234 करोड़ की शराब बेची

सरकार ने शराब पर लगाए 70% स्पेशल कोरोना सेस से 24 दिनों में 161 करोड़ रुपए मिले हैं। दिल्ली सरकार ने 4 मई से 30 मई तक 234 करोड़ 54 लाख 52 हजार 485 रुपए की शराब बेची। 7 मई और 25 मई को ड्राय डे के चलते शराब की दुकानें बंद थी। आबकारी विभाग ने चारों निगमों की शराब की दुकानों को प्रतिदिन खोलने के आदेश जारी कर दिए हैं। सोमवार को आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संदीप मिश्रा की तरफ से जारी आदेश में शराब की दुकानों को सुबह 9 से रात 8 बजे तक प्रतिदिन खोलने की अनुमति जारी कर दी गई। इसके अलावा वह निजी शराब की दुकान भी प्रतिदिन खुल सकेंगी।